संक्षिप्त

खराब फसल का मुआवजा दिलाने की मांग

बौंली-बामनवास, (निसं)। सवाई माधोपुर जिले में अतिवृष्टि के कारण खराब हुई खरीफ की फसल के मुआवजा दिलाने को लेकर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में सवाई माधोपुर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष कान जी मीणा के नेतृत्व में एक ज्ञापन राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। ज्ञापन में अंकित किया गया कि सवाई माधोपुर जिले में अतिवृष्टि के कारण खरीफ फसल करीब-करीब पूरी खराब हो चुकी है। इस कारण फसल खराबे का सर्वे कराकर मुआवजा किसानों को दिलाया जावे एवं खरीफ की फसल बाजरा, तिल, उडद, मूंग, आदि की फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी है इस कारण हल्का पटवारी व गिरदवरों को आदेशित कर सर्वे रिपोर्ट तैयार कराकर किसानों को राहत दिलाई जाए एवं रबी की फसल के लिए हाइब्रिड बीज उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन देते समय सवाई माधोपुर के किसान सभा के तहसील सवाई माधोपुर के अध्यक्ष विजय राम मीणा, बद्री सरपंच, नारोली चोर सहित अनेकों किसान मौजूद थे।

फसलों में हुए नुकसान का जायजा लिया

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत जामडोली व रहड में किसानों की फसलों में हुए नुकसान का प्रधान रामअवतार लांगडी ने जायजा लिया। प्रधान लांगडी ने मोके पर ही अधिकारियों को गिरदावरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार से किसानों को मुआवजा दिलवाने की मांग की। इसी प्रकार रहड में सडक बनवाने की मांग को लेकर प्रधान रामअवतार लांगडी को ग्रामीण नेमीचंद गुर्जर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डीआर नरेश नायक, सत्यनारायण खटीक, बाबूलाल मीणा, सरपंच प्रतिनिधि मोहनलाल बैरवा, बाबूलाल मण्डालिया व भरतलाल मीणा सहित किसान मौजूद थे।

तीन घण्टे बिजली बंद रहेगी

निवाई, (निसं)। फीडर के मरम्मत कार्य को लेकर बुधवार को शहर में तीन घण्टे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि विद्युत फीडर की मरम्मत के चलते सुबह 8 बजे से 11 बजे तक हाडा वाली ढाणी, कालू पटेल की ढाणी, जमात वनस्थली मोड, कोयला फीडर, महाराजपुरा, बस स्टेण्ड, पटेल रोड, लक्ष्मीनाथ मंदिर, कृष्णा कॉलोनी, मालियो का मोहल्ला, अस्सी फीट रोड, काली बाग रोड, बापू नगर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर, हरिओम नगर, आशाराम गौशाला के आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

पुत्री के जन्म पर दिया 5 किलो सरस घी

बोराज, (निसं)। जयपुर सरस डेयरी द्वारा संचालित ममता योजना के तहत मंगलवार को कस्बे में बोराज दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति की ओर से समिति अध्यक्ष कन्हैया लाल चौधरी व सचिव नोरतमल सैनी द्वारा दुग्ध उत्पादक सुमन कुमावत पत्नी नितेश राहोरिया के पुत्री जन्म पर सुमन कुमावत को सह सम्मान 5 किलो सरस देसी घी निशुल्क दिया गया। इस अवसर पर दुग्ध उत्पादक रामनाथ यादव, हीरा लाल कुमावत, लालचंद निमिवाल, ग्यारसी लाल बेहरा, कान्हा मंडोलिया आदि उपस्थित रहे।

मुलायमसिंह के निधन पर शोक

टोंक, (निसं)। समाजवादी पार्टी के मुखिया मुलायम सिंह यादव की आकस्मिक निधन पर जिले के समाजवादी कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सपा के जिलाध्यक्ष अक्कन खां, फतेह लाल, ऐजाज खां, अब्दुल मुनीम, रशीद खां, मुजाहिद मियां, अनीस खां, वाहिद मियां, अजीमुद्दीन, वसी अहमद एडवोकेट, रशीद अहमद अंसारी आदि ने समाजवादी पार्टी के मुखिया मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

साधारण सभा की बैठक 14 को

टोंक, (निसं)। पंचायत समिति टोंक की साधारण सभा की बैठक का आयोजन प्रधान सुनिता गुर्जर की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे पंचायत समिति टोंक के नवीन सभा भवन में आयोजित की जाएगी। विकास अधिकारी रामावतार यादव ने बताया कि बैठक में मनरेगा व मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना वार्षिक योजना कार्य योजना की पालना के संबंध एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

दो सड़क हादसों में चार महिलाओं सहित दस लोग गंभीर घायल

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को हुए दो अलग-अलग सडक हादसों में चार महिलाओं सहित दस लोग गंभीर घायल हो गये। हादसों के बाद दिल्ली-जयपुर हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम के हालात बन गये। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाकर राजमार्ग सुचारू करवा दिया।

बीडीएम पुलिस चौकी प्रभारी भवानी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राजमार्ग स्थित रॉयल होटल कट पर मंगलवार तडके एक निजी बस व टाटा कैंटर में भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों वाहनों में बैठी सात सवारियां गंभीर घायल हो गई। दुर्घटना में कैंटर चालक शिव कुमार (46) पुत्र बनेसिंह राजपूत निवासी सिंघाना चौक, नारनौल (महेन्द्रगढ) हरियाणा, छोटू (22) पुत्र चुन्हा खटीक, मंशा (23) पुत्र साधुराम खटीक दोनों निवासी गिलोल, बेहराज (यूपी), राम कैलाश (35) पुत्र बुद्दू जाति सरोज निवासी रैणी, बहरिया जिला इलाहाबाद समेत बस में बैठी रसुलन देवी (55) पत्नी गफ्फार मुसलमान निवासी फतेहगंज, फरीदपुर जिला बरेली (यूपी) हाल निवासी ग्राम बर्डोद, बहरोड (अलवर) राज., शशि प्रभा (38) पत्नी धर्मपाल जाट निवासी संगम विहार नई दिल्ली व सूरज (17) पुत्र महेन्द्र वाल्मिकी निवासी ग्राम नयाबास, बानसूर (अलवर) राज. घायल हो गये। इसी तरह राजमार्ग स्थित निकटवर्ती ग्राम पूतली के पास मारूति सुजुकी वर्कशॉप के सामने एक स्कूटी व बाईक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें स्कूटी चालक मनोज कंवर (40) पत्नी विपिन सिंह राजपूत व कंवर देवी (60) पत्नी राधेश्याम सिंह शेखावत दोनों निवासी दौलत सिंह की ढाणी, बानसूर व बाईक चालक महेन्द्र (25) पुत्र पूरणमल मीणा निवासी ग्राम भालोजी कोटपूतली घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां सभी घायलों का उपचार जारी है।

सभी घायलों का बीडीएम अस्पताल में उपचार कराया गया तथा पुलिस ने जानकारी जुटाई।

- हादसों के बाद दिल्ली-जयपुर हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम के हालात बने

अवैध निर्माण कार्य पर रोष

नारायणपुर, (निसं)। कस्बे के बानसूर सडक मार्ग पर प्रशासन की अनदेखी के चलते नदी में हो रहे अवैध निर्माण कार्य को लेकर लोगों में रोष बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से प्रशासन की मिलीभगत से भू-माफियाओं द्वारा नदी क्षेत्र में करोडों रूपये की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। इसको लेकर ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को कई बार शिकायत की गई लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मंगलवार को ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा को शिकायत की तो उन्होंने मौके पर जाकर किये जा रहे निर्माण कार्य को देखा और तहसीलदार को फोन पर बात कर कार्रवाई के लिए कहा। इस दौरान पूर्व मंत्री ने प्रशासन द्वारा कार्रवाई के नाम पर डुलमुल रवैये को देखते हुए पुरुषोत्तमदास आश्रम में भू-माफियाओं द्वारा नदी में किये जा रहे निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों के साथ आगे की रणनीति बनाई और उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जल्दी कार्रवाई नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन किया जायेंगा। इधर एसडीएम सुनीता मीणा ने बताया कि लोगों द्वारा कार्यालय में आज शिकायत मिली है। तहसीलदार को जाँच के लिए कह दिया गया है। जल्दी ही जाँच कर नियमानुसार कार्रवाई की जायेंगी।

डीएलपी ने कांग्रेस की आशा नामा को दिया 60 दिन का कार्यादेश

मालपुरा, (निसं)। स्वायत शासन विभाग निदेशक हृदेश कुमार द्वारा मंगलवार को एक आदेश जारी कर कांग्रेस की पार्षद आशा नामा को आगामी 60 दिवस अथवा राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अन्य आदेश के जारी होने तक मालपुरा नगरपालिका अध्यक्ष के पद का कार्यभार ग्रहण करने के लिए अधिकृत किया है। मालपुरा नगरपालिका में पालिका अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर भाजपा व कांग्रेस में चल रही लडाई के चलते मालपुरा नगरपालिका राजनीति का अखाडा बन चुकी है।

कभी पालिका ईओ तो कभी पालिका अध्यक्ष के निलम्बन एवं स्थानान्तरण के चल रहे खेल के कारण मालपुरा शहर का विकास पूर्णरूप से अवरूद्ध पडा है। पानी-बिजली व सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी शहरवासियों को मोहताज होना पड रहा है। निकाय चुनाव के दो साल की समयावधि मं मालपुरा नगरपालिका में डेढ दर्जन से अधिक अधिशाषी अधिकारी बदले गये तो पालिका के जेईएन अथवा एसडीएम को ईओ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। बीते 5 माह पूर्व नगरपालिका में हुई एसीबी की कार्यवाही के बाद तो मालपुरा पालिका को मानो विवादों का ग्रहण लग गया। इन 5 माह के दौरान लोकसेवक पालिका ईओ सुरेन्द्र मीणा को विभागीय जांच के चलते निलम्बित किया गया। जिस पर ईओ ने न्यायालय की शरण ले मंगलवार को निलम्बन आदेश पर न्यायालय का स्टे ले लिया। वही पालिका कार्यो में पति के हस्तक्षेप हवाला दे स्वायत शासन विभाग निदेशक ने भाजपा की पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी को निलम्बित कर कांग्रेस की आशा नामा को अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। 113 दिन की न्यायिक लडाई के बाद सोनिया सोनी के निलम्बन आदेश को न्यायालय ने बहाल तो किया लेकिन डीएलपी द्वारा 1 महीने तक विभागीय आदेश जारी नहीं किया। इसी समयावधि मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामदेव बैरवा की शिकायत पर डीएलपी निदेशक ने पुन: सोनिया सोनी को दूसरी बार निलम्बित कर मंगलवार को कांग्रेस की आशा नामा को दूसरी बार 60 दिन के लिए अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंप दिया।

- पालिका ईओ तो कभी अध्यक्ष के निलंबन के चलते मालपुरा शहर का विकास अवरूद्ध

दो दिवसीय गणित विज्ञान कार्यशाला का शुभारंभ

टोंक, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिटी नंबर 12 में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार दो दिवसीय गणित विज्ञान कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीपीसी टोंक रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर रमेश सिंह ने सम्पूर्ण जिले से आए गणित विज्ञान की श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले 50 वरिष्ठ अध्यापकों, व्याख्याताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गणित व विज्ञान विषय को रोचक बना व्यवहारिक जीवन से जोड अध्यापन करवाएं जिससे छात्रों में इन विषयों में रुचि उत्पन्न हो।

कार्यक्रम में रमेश चंद महावर, उपनिदेशक, कृषि प्रबंध प्रशिक्षण संस्थान, हनुमान प्रसाद बैरवा, यूपी निदेशक सआदत अस्पताल टोंक व उपनिदेशक कृषि उद्यानिकी टोंक राजेश सावत ने अपनी वार्ता रखी व प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन, अल्पाहार व भोजन की व्यवस्था में प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुप्ता के साथ रवि चौहान, मोहनलाल व स्काउट के छात्रों ने सहयोग किया। सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला की व विद्यालय की सम्पूर्ण शानदार व्यवस्था पर खुशी जाहिर की। इस पर प्रधानाचार्य ने कहा कि कोई भी कार्य जब अपना स्वय का समझ कर किया जाए तो कार्य अच्छा अपने आप ही हो जाता है। गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को अपने अपने विद्यालय में इसी भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। व कहा कि जब विद्यालय के छात्रों को अपना बालक मान कर कार्य करेंगे तो आपका परिणाम भी अच्छा रहेगा साथ ही आपके बालकों को भी कहीं और कोई अपना बालक मान कर पढाएगा।

रेलवे पेंशनर सोसायटी की बैठक

फुलेरा, (निसं)। कस्बे की न्यू कॉलोनी स्थित वरिष्ठ नागरिक परिषद भवन परिसर में रेलवे पेन्शनर सोसायटी शाखा फुलेरा की मासिक बैठक का आयोजन रमेश चन्द वर्मा अध्यक्षता में किया गया। बैठक के प्रारंभ सर्वप्रथम दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। जिसमें रेलवे हॉस्पिटल व यूएमआईडी कार्ड में आने वाली परेशानियों के बारे में अवगत कराया। वहीं बैठक के दौरान सेवानिवृत्त होकर आये नये सदस्य जिनमें एस. के. माथुर, मोहम्मद खलील, मोरमुकुट, भीकम चन्द, कन्हैया लाल बैरवा, लक्ष्मीलाल कुमावत, सतीश चन्द आदि का स्वागत किया गया। साथ ही रेलवे रामलीला कमेटी के पदाधिकारी दिनेश सुरोलिया, शैलेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, जितेंद्र घोडेला, श्याम लाल सैनी, दामोदर कुमावत का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामेश्वर दास कुमावत, भूराभाई कोविद, महेश सहाय, लाल चंद कुमावत, सीपी त्रिपाठी, सत्येंद्र कुमार माथुर, रमेश कुमावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिला प्रमुख ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं के खाते खुलवाये

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत मूण्डिया को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के जिला प्रमुख सरोज बंसल के संकल्प के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला प्रमुख ने मूण्डिया में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं बालिका माध्यमिक विद्यालय का अवलोकन करके अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत आयोजित शिविर में डाकघर के माध्यम से बालिकाओं के खाते खुलवाकर ग्रामीणों को अधिक से अधिक बालिकाओं के खाता खुलवाने के लिए प्रेरित किया।

जिला प्रमुख बंसल ने कहा कि बच्चों में पढ ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब ने मूण्डिया को आदर्श पंचायत बनाने का बीडा उठाया है इसमे पंचायत का पूरा सहयोग होना आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श पंचायत में तालाब, खेल मैदान, शमशान, आंगन बाडी केंद्र को विकसित किए जाएंगे। पंचायत के प्रवेश क्षेत्र में सडक के दोनों और पेड लगाए जाएंगे।

उन्होंने ग्राम पंचायत को नशा मुक्त करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरारीलाल शर्मा ने कहा कि जिला प्रमुख बंसल के संकल्प को जल्दी साकार करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने होंगे। कृषि विज्ञान केन्द के प्रतिनिधि ने कहा कि आंगन बाडी केन्द्रों, स्कूलों एवं घरों मे किचन गार्डन विकसित किए जाएंगे। जिससे शुद्ध सब्जियां प्राप्त हो। इसी प्रकार फलदार पौधे भी लगाए जाएंगे। इस दौरान जिला प्रमुख ने विद्यालय के बाहर पोधारोपण करके मूण्डिया तालाब का निरीक्षण किया। पीईईओ सारिका सिंह ने विद्यालय विकास हेतु की गई विभिन्न घोषणाओं के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। जिला प्रमुख बंसल के साथ अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरारीलाल शर्मा, विकास अधिकारी रानू इंकिया, अधिशाषी अभियंता नरेगा प्रेमचंद बैरवा, स्वछ भारत मिशन के जिला परियोजना समन्वयक दामोदर बैरवा, एवं पंचायत समिति सदस्य मुरलीधर मीणा सहित पंचायत राज के अधीन पांच विभागों के अधिकारी, सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

बालिका दिवस पर जिला प्रमुख सरोज बंसल (दाये से दूसरी) ने खाते खुलवा ग्रामीणों को अधिकाधिक खाता खुलवाने के लिए प्रेरित किया।

- नशा मुक्त करने के लिए लोगों को किया प्रेरित
- बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी होने चाहिए : बंसल

लंपी की रोकथाम को लेकर 10 हजार गौवंश को लगाया गोट पॉक्स का टीका

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में गौवंश मे फैल रहै लम्पी संक्रमण की रोकथाम एवं अब तक संक्रमण की चपेट से मुक्त रहे पशुओं को सुरक्षित रखे जाने सहित कोरोना की तरह लम्पी की दूसरी लहर की संभावनाओं को क्षेत्र में निष्क्रिय रखने की योजना को लेकर एसडीएम ने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पशुपालकों को गोट पॉक्स वैक्सीन टीकाकरण अभियान में सहभागी बनने पर जोर दिया। मंगलवार को पंचायत समिति सभागार मे एसडीएम रामकुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं सरपंचों ने भाग लिया।

पंचायतवार जनसमस्याओं पर चर्चा कर सरपंचों द्वारा बताई गई जनसमस्याओं पर त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी नोडल प्रभारी डॉ.अनिल परतानी ने बताया कि विभाग की गणना में मालपुरा ब्लॉक में 37 हजार पशुओं के आंकडे है जिनमे से 22 हजार पशुओं को गोट पॉक्स वैक्सीनेशन के लिए चिन्हित किया गया है। विभाग के पशुधन सहायकों की टीमे बना पंचायतवार कैम्प लगा वैक्सीनेशन किया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार तक क्षेत्र में 10 हजार पशुओं के टीकाकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डॉ.परतानी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में आज भी बार-बार समझाइश के बावजूद पशुपालक वैक्सीनेशन अभियान में सहयोग करने मे आना-कानी कर रहे है। यदि समय रहते विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत पशुओं को वैक्सीनेशन नहीं करवाया गया तो कोरोना संक्रमण की तरह गौवंश में भी दूसरी लहर से इंकार नहीं किया जा सकता। डॉ.परतानी ने सभी सरपंचों से अपील करते हुए गांवों में लगने वाले कैम्पों में पशुओं को टीकाकरण करवाये जाने के लिए पशुपालकों से समझाइश की अपील की है साथ ही बताया कि पहले चरण में 22 हजार का लक्ष्य रखा गया है। आवश्यकता होने पर शेष पशुओं को भी वैक्सीनेशन किया जायेगा। आवश्यकता के अनुपात में वैक्सीन विभाग के पास उपलब्ध है। बैठक में मौजूद प्रधान सकराम चौपडा व विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने भी सभी सरपंचों से वैकसीन के प्रति पशुपालकों को जागरूक करने की अपील की।

मालपुरा ब्लॉक में नोडल प्रभारी डॉ. अनिल परतानी व उनकी टीम ने 10 हजार गौवंशों को गोट पॉक्स का टीका लगाया।

- एसडीएम ने जनप्रतिनिधि व अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई
- मालपुरा में लंपी संक्रमण की रोकथाम को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर

सार-समाचार

राजतिलक के साथ रामलीला का समापन

पावटा, (निसं)। कस्बे के राम लीला मैदान में आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तत्वाधान मे प्रस्तुत किये जा रहे रामलीला मंचन में दशहरे के बाद लक्ष्मण द्वारा विभीषण को लंका की गद्दी पर बैठा कर राजतिलक करना, प्रभु श्री रामचंद्र की अयोध्या वापसी, भरत द्वारा प्रभु श्री राम को राजपाठ सौंपना, राजाराम के राजतिलक के बाद बजरंगबली के साथ समस्त अयोध्यावासियों द्वारा खुशियां मनाने तक की लीला संपन्न कराकर एवं सभी कलाकारों को पुरस्कार वितरण कर इस वर्ष की लीला को विराम दे दिया गया। इससे पूर्व दशहरे पर रावन का पुतला दहन के लिए जाते समय मुख्य मार्ग में पहुंचा जहां पर अग्रवाल महासभा पावटा सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा राम दल का जोरदार स्वागत किया गया। रामलीला मंचन का भगवान श्रीराम के राजतिलक के साथ समापन हुआ। रामलीला मंचन व भगवान राम का राजतिलक देखने के लिए जन सैलाब उमडा। वही इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा, पूर्व विधायक सुभाष शर्मा, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वाइस चेयरमेन नरपत सिंह, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, अग्रवाल महासभा पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, तहसील ब्राहमण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा, व्यापार मंडल संस्थापक किशन गोयल, पावटा ब्राह्मण महासभा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री चंद्र प्रकाश गौड, भामाशाह बलदेव गोयल, रामवतार गोयल, अनूप गर्ग, पावटा पूर्व उप सरपंच गिरिराज बोहरा, एडवोकेट दीपक गोयल सहित जनप्रतिनिधि, व्यापारी व गणमान्य नागरिक सहित नगरवासी मौजूद रहे।

खाटू में नृसिंह लीला का आयोजन

खाटूश्यामजी, (निसं)। कस्बें के मुख्य बाजार में विशाल नृसिंह लीला समिति द्वारा नृसिंह लीला का आयोजन किया गया। नृसिंह लीला का शुभारंभ होटल सवामणी के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल डब्बू ने भगवान नृसिंह की पूजा अर्चना कर गाजे बाजे के साथ फीता काटकर किया। लीला के शुभारंभ के पश्चात भगवान विष्णु के 24 अवतारों की झांकी सजाई गई। जिसमें पंचवीर, गणेशजी, ब्रह्मा जी, कच्छ मच्छ, अंगद, नर नील, केसरी वीर, सूर्य, मकरध्वज, वराह अवतार सहित भगवान नृसिंह ने दक्षिण भारतीय शैली में नृत्य किया। इसके साथ ही दिल्ली से आए मेहमान कलाकारों ने विभिन्न धार्मिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में समां बांधा रखा। इसके अलावा अनेक मनोरंजक कार्यक्रम भी दर्शकों को सम्पूर्ण रात्री रोका रखा। वहीं नागौर के लोक कलाकारों द्वारा कालबेलिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने भी खूब वाहवाही बटोरी। इससे पूर्व कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष ममता मुण्डोतिया, पार्षद राजू माटोलिया, नवीन दशहरा समिति के अध्यक्ष पप्पू शर्मा, खाटूधाम व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश स्वामी,पवन शर्मा पुजारी श्याम कुंड,रवि मथुरा वाले, कैलाश चन्द्र शर्मा,गोपाल व्यास, राजेन्द्र सरोज नीतीश अग्रवाल, दीपेन्द्र शर्मा, छोटूराम शेरावत का समिति के सदस्य दिनेश स्वामी, दीपक शर्मा, वरुण धुत ने साफा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह देकर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक राजेन्द्र सरोज वह विकास सोनी ने किया।

जरूरतमंद बच्चों को चप्पल, जूते व फल बांटे

निवाई, (निसं)। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बजरंग दल के संयोजक राकेश खारोल के नेतृत्व में देवधाम जोधपुरिया में देवनारायण भगवान के दर्शन करके गायों को हरा चारा खिलाया व सरावडिया नाडी में स्थित तालाब में मछलियों को आटा खिलाया एवं गरीब बस्तियों में गरीब व अनाथ बच्चों को चप्पल जूते व फल वितरित किए। इस अवसर पर खारोल ने कहा कि सभी को पाश्चात्य कुर्तीयों को त्याग करके अपने जन्म दिवस पर भारतीय संस्कृति के तहत पुण्य धर्म करने के साथ मनाए। इस दौरान उन्होंने बजरंगी कार्यकर्ताओं को भी शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सहसंयोजक मुकेश खटाना, सुरेश बैंसला, मुकेश डोई, मुकेश मोरण, अशोक लांगडी, महेंद्र पोसवाल, दुर्गा वाहिनी कार्यकर्ता सुनीता सोनी, अनुराग, गणेश, राजकुमार परमार, जीतू माली, विकास खटीक, झंडू मीणा एवं हनी शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्रवृत्ति के आवेदन 31 अक्टूबर तक

टोंक, (निसं)। अल्पसंख्यक समुदाय के मुस्लिम, जैन, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी के छात्र-छात्राओं की पोस्ट मैट्रिक व मैरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2022 हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, नितेश जैन ने बताया कि जिन राजकीय एवं निजी संस्था के प्रधानों ने अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति पोर्टल पर केवाईसी नहीं करवाया है वह कार्यालय में व्यक्तिगत या कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01432-294509 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्था के रजिस्ट्रेशन एवं केवाईसी के अभाव में यदि कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रहता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्था प्रधान की होगी।

सर्दी का अहसास होने लगा

टोंक, (निसं)। जिले में नवरात्रा के बाद बीते दिनों से हो रही बरसात से रात को गुलाबी सर्दी का अहसास होने लगा है। रात के तापमान में गिरावट आने से रात को सर्दी का अहसास होने लगा है, लेकिन दिन में तापमान स्थिर बने रहने से दिन में अभी भी गर्मी का सामना करना पडता है। ग्रामीण इलाकों में खेतों पर काम करने वाले लोगों को रात के समय में ठडक महसूस होने लगी है। वहीं तापमान स्थिर बने रहने से तथा नमी की कमी के चलते सरसों की बुआई नहीं हो सकी है। बरसात ने किसानों के मंसुबों पर पानी फेर दिया। खेतों में पानी भर गया और सरसों की कोपले खराब हो गई। किसान सरसों की पैदावार की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन बरसात ने बोई गई सरसो की फसल का खराब कर दिया। दुबारा से बुआई करने की आवश्यकता रहेगी। किसानों को दीमक नियंत्रण व गेहूं, जौ की फसलों के लिए बीजोपचार करने की सलाह दी गई है।

स्किल वर्कशॉप का आयोजन

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। वेदांता ममता हेल्प संस्था के तत्वधान में संस्था द्वारा स्किल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन व ममता संस्था के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे नंद घर परियोजना के तहत ग्राम पंचायत रामपुरा डाबडी में नंदघर डाबडी फर्स्ट लाभार्थियों के लिए संस्था से कालूराम, किशन के द्वारा वनडे स्किल वर्कशॉप की गई। जिसमें गंगोत्री संस्था की तरफ से महिलाओं को सिखाने के लिए स्टाफ उपलब्ध कराया गया जिसमें 55 महिलाओं को कपडे से जोडकर बेडशीट बनाने को लेकर स्किल ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान महिलाओं व वार्ड पंच, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर खुशबू कुमावत, मीना चोपडा, ममता चौधरी आदि उपस्थित रहे।

आज 5 घंटे रहेगी विद्युत कटोती

मालपुरा, (निसं)। दीपावली पर्व पर विद्युत लाईनों के रखरखाव को लेकर चान्दसेन फिडर से जुडे ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को 5 घंटे विद्युत कटोती रहेगी। विद्युत निगम के सहायक अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि बुधवार को चान्दसेन फिडर पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत कटोती घोषित की गई है।